## संक्षिप्त

### नवोदय की प्रवेश परीक्षा संपन्न

**पावटा, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा में शनिवार को नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हो गई। प्रवेश परीक्षा में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा केंद्र पर 384 छात्रों ने परीक्षा में शामिल होने को लेकर आवेदन किया था जिसमें 204 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया।परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों का नवोदय विद्यालय की नवीं कक्षा में नामांकन होगा। पावटा, शाहपुरा, कोटपुतली कुल 3 परीक्षा केन्द्रों पर यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। परीक्षा साढे ग्यारह बजे से लेकर दोपहर डेढ बजे तक ली गई। परीक्षा केन्द्रों के पास परीक्षार्थियों तथा अभिभावकों का आना सुबह 9 बजे से ही शुरू हो गया था। परीक्षा में वीक्षण कार्य के लिए शिक्षकों को भी लगाया गया था। जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य अजय कुमार ने कहा है कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा केंद्र पर पंजीकृत कुल 384 छात्रों में से 180 छात्र प्रवेश परीक्षा में अनुपस्थित रहें।

### देशी शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**फुलेरा, (निसं)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक मनीष अग्रवाल के द्वारा अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन के खिलाफ रेंज स्तर पर चलाये गये विशेष अभियान के तहत अधिकाधीक कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू दिनेश शर्मा के निर्देशन एवं वृत्ताधिकारी सांभरलेक लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में फुलेरा थानाधिकारी हनुमान सहाय यादव के द्वारा पुलिस की एक विशेष टीम का गठन किया गया। इसमें कौशल्या देवी, रतन लाल, राजेन्द्र कुमार, रामजीलाल को शामिल किया गया। थानाधिकारी हनुमान सहाय ने जानकारी देते हुए बताया कि टीम ने शनिवार को अभियान के तहत एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर तुरन्त कार्रवाई करते हुए क्षेत्र की बालाजी सडक के पास से 94 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ राधा देवी जाति सांसी 46 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**राजगढ, (निसं)।** राजपूत सभा अलवर की राजगढ रेणी एवं मालाखेडा इकाई की ओर से अष्टम प्रतिभा सम्मान समारोह 12 फरवरी रविवार को आयोजित होगा। लव कुश गार्डन में होने वाले सम्मान समारोह की तैयारियों को लेकर आयोजन समिति से लोग जुडे रहे। समारोह के संयोजक बृजेंद्र सिंह बबेली एवं कार्यक्रम से जुडे डीएस नरूका ने बताया कि मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेंद्र सिंह होंगे। यूआईटी के पूर्व अध्यक्ष देवी सिंह शेखावत, शक्ति सिंह राठौड एवं राजेंद्र सिंह शेखावत, सहित अनेक अधिकारी व जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता प्रधान पंचायत समिति भौरी देवी राजेंद्र सिंह राठौड करेंगी।

### राइट-टू-हेल्थ बिल का विरोध

**बहरोड/नीमराना, (निसं)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तावित राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सरकारी सेवारत चिकित्सकों ने 2 घंटे सुबह 9 से 11 बजे व निजी अस्पतालों में चिकित्सकों ने सुबह 8 बजे से 24 घंटे बंद के आव्हान पर इमरजेंसी सेवा जारी रखते हुए सम्पूर्ण चिकित्सा सेवाएं बंद कर राज्य सरकार के राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सरकारी व निजी चिकित्सकों ने विरोध स्वरूप चिकित्सा सेवाएं बंद कर बहरोड सहित जिले भर में बंद रखा गया।

### सांसद जौनापुरिया को ज्ञापन सौंपा

**टोंक, (निसं)।** ग्राम पंचायत हमीरपुर में शंकरपुरा ढाणी में स्थित चारागाह भूमि को आबादी में परिवर्तन करने की मांग को लेकर पंचायत हमीरपुर शंकरपुरा ढाणी के लोगों ने सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया को ज्ञापन सौंपा है। इस मोके पर गौरधन चाँधरी, हंसराज, भरत प्रजापत, दांखा, कौशल्या, सुगना बागरिया, रामप्यारी, गोपाल बलाई, वार्ड पंच गोरधन खारोल, शिवराज बलाई, रूकमा एवं गोकुल आदि मौजूद रहे।

### त्रिलोक सैनी अध्यक्ष बने

**सागरझील, (निसं)।** युवा अधिकारों एवं सामाजिक सेवाओं हेतू समर्पित संस्था यूथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह राठौड ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका व नगर हितों को लेकर जागरूक रहने वाले समाजसेवी त्रिलोक सैनी को यूथ फेडरेशन सांभर के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है। सैनी के नगर अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने पर उन्हें क्षेत्र के अनेक लोगों ने शुभकामनाएं दी।

# अवैध हथियारों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों के खिलाफ एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज

**चौमूं, (निसं)।** थाना पुलिस ने शनिवार को 'ऑपरेशन आग अभियान' के तहत अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं गिरफ्तार आरोपियों के पास से अवैध हथियार एक देशी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया है और आरोपियों के पास से चोरी की मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है। आरोपियों ने चौमूं व अन्य इलाके में मोटरसाइकिल चुराकर मोबाइल छीनने की करीब 1 दर्जन से अधिक वारदातों को अंजाम देना भी पूछताछ में कबूल किया है।

थाना प्रभारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि डीसीपी वेस्ट वंदिता राणा के निर्देशन में स्पेशल पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें हेड कांस्टेबल राकेश कुमार,ओम प्रकाश, कांस्टेबल अनूप कुमार, अमित कुमार व नरेंद्र की टीम को शामिल किया गया। स्पेशल टीम के



पुलिस ने आरोपियों से एक देसी कट्टा, एक जिंदा कारतूस व चोरी की बाइक बरामद की है।

कांस्टेबल नरेंद्र को मुखबिर के जरिए सूचना मिली टांटियावास टोल प्लाजा के पास स्वप्नलोक इलाके में आरोपी हथियार लेकर घूम रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने करीब 5 किलोमीटर का पीछाकर दोनों आरोपियों को पकड लिया और आरोपियों के पास से अवैध देसी कट्टा जिंदा कारतूस व चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों आरोपियों के खिलाफ जयपुर के मुरलीपुरा, विद्याधर नगर, भट्टाबस्ती सहित करीब 1 दर्जन से अधिक मामले दर्ज है। पुलिस ने शोयब खान (20) पुत्र मुन्ना खान कुरैशी निवासी झालावाड हाल मकान नंबर नुरानी मस्जिद गुर्जरों का चौक लंकापुरी भट्टाबस्ती जयपुर, सोनू उर्फ शरीफ पुत्र मजीद खान कायमखानी निवासी पहलावास सारवानों का मौहल्ला मनोहरपुर हाल किराएदार कालाडेरा को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ करने में जुटी हुई है। मोबाइल लूट व स्नैचिंग की वारदातों की खुलने की संभावना है। वही इस पूरी कार्रवाई में पुलिस थाने के कांस्टेबल नरेंद्र कुमार की अहम भूमिका रही है।

## अतिक्रमण पर नहीं हो रही है कार्यवाही

■ ग्रामीणों ने एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी पर अतिक्रमण को शह देने का आरोप लगाया

**लालसोट, (निसं)।** क्षेत्र की नांगल राजावतान के ग्राम प्यारीवास में स्थित खसरा नंबर 552 में सरकारी रास्ते की भूमि पर सरकारी अध्यापक मीठा लाल मीणा द्वारा किए गए अतिक्रमण के आगे प्रशासन बेबस नजर आ रहा है तो दूसरी ओर ग्रामीणों द्वारा हर जगह शिकायत करने के साथ दस्तक देखकर अर्जियां लगाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

इस सरकारी रास्ते पर किए गए अतिक्रमण से ग्रामीणों को आवागमन में काफी तकलीफों का सामना करना पडता है। इसी अतिक्रमण से प्रभावित रास्ते में सरकारी स्कूल के छात्र छात्राओं का आवागमन रहता है जो बरसात में पानी भरने के कारण झील का रूप ले लेता है एवं दुर्घटना को दस्तक भी देता रहता है। स्थानीय ढाणी के ग्रामीणों द्वारा उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार व पटवारी पर एक सरकारी अध्यापक द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने की बजाए अतिक्रमण को शह देने का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि एसडीएम एवं अतिक्रमण के आरोपी सरकारी अध्यापक आपस में रिश्तेदार होने के चलते इस कार्रवाई को अंजाम नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह मामला करीब दो साल से ज्यादा समय से प्रशासन के पास विचाराधीन है। ग्रामीणों ने बताया कि उनको रास्ते में बाधा बन रहे पेड़ों को काटकर रास्ता सुचारू करने का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक एसडीएम द्वारा रास्ते से उन पेडों को काटने की अनुमति नहीं दी जा रही है। इसके चलते सड़क निर्माण भी बाधित हो रहा है।

वही अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं एवं एलानिया धमकी भी दी जा रही है। वही सरकारी भूमि रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के साथ दोषियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं होने की दशा में ग्रामीणों द्वारा उठा आंदोलन करने की भी चेतावनी दी है। वही इस मामले को लेकर पटवारी मुथरेश मीणा ने कहा कि पहले सीमा ज्ञान किया जा चुका है अगर ग्रामीण चाहे तो किसी अन्य टीम से सीमा ज्ञान करवा सकते हैं।

## कन्या महाविद्यालय व कस्तूरबा गांधी छात्रावास का शिलान्यास

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राजकीय कन्या महाविद्यालय तथा राजकीय कस्तूरबा गांधी छात्रावास शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन समारोह पूर्वक आयोजित हुआ। राजकीय कन्या महाविद्यालय व छात्रावास का शिलान्यास विधायक तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत ने किया।

गौरतलब है कि बजट 2022 की घोषणा में श्रीमाधोपुर शहर को दो बडी सौगात मिली थी, जिसमें एक कन्या महाविद्यालय तथा दूसरा राजकीय कस्तूरबा गांधी छात्रावास की सौगात मिली। दोनों बडी सौगात मिलने के बाद राजकीय कन्या महाविद्यालय राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में संचालित किया गया तथा महाविद्यालय के नए भवन के लिए शनिवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान परिसर में क्षेत्रीय विधायक तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दीपेंद्र सिंह शेखावत ने छात्रावास व महाविद्यालय के भवन का शिलान्यास किया। विधायक शेखावत ने कहा कि जबसे वे विधानसभा के सदस्य बने हैं तब से लेकर आज तक उनका प्रथम लक्ष्य यही रहा है कि क्षेत्र के विकास कार्य में कोई




करोड़ों की लागत से बनने वाले भवनों का विधायक दीपेंद्र सिंह शेखावत ( दाये से दूसरे ) ने शिलान्यास किया।

कमी ना छोडी जाए जिसको लेकर यह प्रयासरत हैं और उनका प्रयास आगे भी जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि विकास के क्षेत्र में विधानसभा क्षेत्र में किसी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं छोडेंगे। कार्यक्रम में एसडीएम दिलीपसिंह राठौड, पूर्व पीसीसी सचिव बालेन्दु सिंह शेखावत, जिला शिक्षा अधिकारी रामचंद्र पिलानियां, कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य कुलदीप सिंह, सीबीईओ मालीराम रैगर, एसीबीईओ विनोद कुमार शर्मा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेश अंकुर, कन्या महाविद्यालय के कोऑर्डिनेटर डॉ हंसराज चौहान, पार्षदगण, मनोनीत पार्षदगण, स्कूल स्टाफ व स्कूली छात्र छात्राओं सहित गणमान्य लोग मौजूद थे। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। मंच संचालन अशोक तिवारी व शिशुपाल सिंह ने किया।

## टूटी नालियां व कीचड़ फैलने से वार्डवासी हो रहे परेशान



वार्ड नम्बर 27 रैगर मोहल्ले में नालियां टूटने से सड़क पर हो रहे कीचड़ से वार्डवासी परेशान है तथा आये दिन भारी वाहन इन टूटी नालियों में फंस जाते है।

**नरैना, (निसं)।** कस्बे के वार्ड नम्बर 27 रैगर मोहल्ले में नालियां टूटने से सडक पर हो रहे कीचड़ से वार्डवासियों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। आये दिन भारी वाहन इन टूटी नालियों मे फंस जाते है।

वार्ड निवासी पुरषोत्तम अमन ने बताया कि कस्बे की नगरपालिका भले ही सफाई के नाम पर वाहवाही लुटने में लगी हुई है परन्तु हकीक़त कुछ और ही बयां होती दिखाई दे रही है। वार्ड नम्बर 27 जो कि नगरपालिका उपाध्यक्ष का वार्ड है इसमे सफाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती की जा रही है। नालिया टूट चुकी है और सडकों पर कीचड के साथ-साथ मिट्टी जमा हो जाने से यहां से पैदल चलना भी दुश्वार हो रहा है। आये दिन यहां से गुजरने वाले वाहन टूटी नालियों में फस जाते है। इस बाबत नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी, अध्यक्ष व वार्ड पार्षद को अवगत कराया जा चुका है और तो और अधिशाषी अधिकारी व अध्यक्ष ने मौके पर जाकर देखा भी है लेकिन समस्या अभी भी जस की तस बनी हुई है।

## 'सड़क निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी'

■ आष्टीकलां से किशनमानपुरा तक 3 किमी लंबी सड़क का 87 लाख लागत से होगा निर्माण

**चौमूं, (निसं)।** सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनने वाली ग्राम आष्टीकलां से किशनमानपुरा तक बनने वाली मिसिंग लिंक सडक का शिलान्यास विधायक रामलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। ग्राम आष्टीकलां से किशनमानपुरा तक बनने वाली इस मिसिंग लिंक सडक की लंबाई 3 किमी है और इसके निर्माण के लिए 87 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है।

राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आष्टीकलां के खेल मैदान के पास आयोजित शिलान्यास समारोह में ग्रामवासियों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा का माला एवं साफ़ा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि ग्राम आष्टीकलां से किशनमानपुरा तक सडक निर्माण से ग्रामवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। सडकों के निर्माण कार्य से गांवों का शहरों के साथ जुडाव होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही सरपंच संतोष देवी ने कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आभार जताया। शिलान्यास समारोह में प्रधान रामस्वरूप यादव, जिला परिषद सदस्य शारदा देवी यादव, उपप्रधान कमला देवी जयप्रकाश चौधरी, भाजपा कालाडेरा मण्डल अध्यक्ष बनवारीलाल शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य नारंगी देवी कुमावत, लालचन्द यादव, पूर्व कृषि मंडी अध्यक्ष साँवरमल चौधरी, भुतेडा सरपंच गोरीशंकर नेतड, किशनमानपुरा सरपंच हरदेव देवन्दा, सहकारी समिति किशनपुरा अध्यक्ष गोगराज रोज, पुर्व सरपंच मगन सिंह नाथावत, राजेन्द्र कुमावत, मोहनलाल बुनकर, उप सरपंच अशोक कुमावत, बिरदीचंद कुमावत, बलिराम डागर, सुरजाराम डागर, शिम्भुदयाल नेतड, गणपत कुमावत, मदनलाल यादव, गोरीलाल बगड़िया, बंशीधर रोज, सुरजाराम रोज, शीशपाल वर्मा, भागचन्द भडालडा, लादुराम भडालडा, राहुल कुमावत, गोविन्दराम कुमावत, शंकरलाल कुमावत, भगीरथ फल्डोलिया, महेश कलवानिया आदि आमजन उपस्थित रहे।

# आईएएस तनुश्री व नमन ने सफलता के गुर बता स्वावलंबन के लिए प्रोत्साहित किया

■ भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**मंडावरी, (निसं)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुए मध्यप्रदेश कैडर की प्रशिक्षु आईएएस तनुश्री मीणा एवं महाराष्ट्र केडर के प्रशिक्षु आईएएस नमन गोयल द्वारा परशुराम सेवा सदन में आयोजित भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करते हुए खुद की सफलता बताने के साथ इन नए अधिकारियों द्वारा सशक्तिकरण में स्वावलंबन को प्रोत्साहित किया गया।

भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन हुए नमन गोयल मंडावरी गांव के स्थानीय रहने वाले हैं एवं तनुश्री मीणा मंडावरी गांव की भांनजी है एवं मूलत बामनवास के नाहरसिंहपुर ग्राम की रहने वाली है। मंडावरी कन्या महाविद्यालय में आयोजित हुए भामाशाह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तनुश्री मीणा द्वारा उपस्थित कॉलेज छात्राओं को बडी प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता कैसे मिले इसके बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इसी के साथ बालिका शिक्षा पर जोर देते हुए




परशुराम सेवा सदन में आयोजित भामाशाह व प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रशिक्षु आईएएस तनुश्री व नमन का सार्वजनिक अभिनंदन किया गया।

महिला सशक्तिकरण को लेकर भी बताया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नमन गोयल द्वारा मौजूद कालेज छात्राओं को उनके द्वारा अर्श से फर्श तक के सफर तय करने एवं अध्ययन को लेकर जानकारी दी गई साथ ही छात्राओं को महिला स्वावलंबन को लेकर भी प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान इन नए भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का लोगों द्वारा सार्वजनिक अभिनंदन भी किया गया। कार्यक्रम को पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार गोयल द्वारा संबोधित करते हुए बालिका विकास एवं उनके संवर्धन विषय पर प्रकाश डाला गया। कन्या महाविद्यालय के नोडल प्राचार्य राजकुमार सिंह परमार द्वारा कन्या महाविद्यालय से जुडी गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान स्थानीय छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य अंजना त्यागी मीठा लाल पटेल कोठी वाला रामावतार नीमडी भामाशाह रामधन मीणा गाजोता अध्यापक मुकेश मीणा रतिराम मीणा सुरेश चंद मीणा उर्मिला मीणा जगदीश सेन आदि कई विद्यालय परिवार से जुड़े लोग एवं कालेजी छात्राएं अभिभावक आदि मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### अलवर नगर परिषद का 194 करोड़ रुपए का बजट पेश

**अलवर, (निसं)।** राज्य सरकार के बजट के बाद शनिवार को अलवर नगर परिषद का 194 करोड रुपए का बजट पेश हुआ। बोर्ड की बैठक में शुरुआत में करीब आधा घंटे से अधिक समय तक हंगामा होता रहा। पार्षद रमेश सैनी वैल में आकर बैठ गए। पार्षद प्रीतम, नारायण साईवाल, विक्रम यादव सहित कई कांग्रेसी पार्षद वैल में आ गए। एक महिला पार्षद ने भी नाराजगी जताई। कुछ पार्षद वार्ड में 3 साल में कोई काम नहीं होने से नाराज थे। कुछ सफाई ठेके को लेकर गुस्साए हुए थे। आखिर में सभापति घनश्याम गुर्जर व विधायक संजय शर्मा ने सब पार्षदों को अपनी बात रखने का मौका देकर मामला शांत कराया। फिर एक-एक करके कुछ पार्षदों ने अपनी बात रखी। आखिर में बजट को पास किया गया। मौजूदा सभापति को पहले कार्यवाहक लगाया गया था लेकिन अब लगातार 10 माह से पद पर हैं। जिनके समय पहली बोर्ड की बैठक हुई। इस बैठक में शुरुआत में कुछ कांग्रेसी पार्षदों ने हंगामा किया। लेकिन भाजपा के पार्षद एकजुट नजर आए। सफाई के मुद्दे पर दोनों ही पार्टियों के पार्षदों ने नाराजगी जताई। पार्षद धीरज जैन ने कहा कि अम्बेडकर नगर के सामने मुख्य रोड पर कचरे का ढेर रहता है। एक ठेकेदार पर बराबर मेहरबानी बनी हुई है। बोर्ड की बैठक के दौरान निर्दलीय पार्षद अजय पूनिया ने परिषद को कई सुझाव दिए। ताकि शहर में सफाई व अतिक्रमण की समस्या का हल हो सके। उनके अलावा संजय जसईवाला, डॉ अशोक पाठक, सतीश यादव, हेतराम, नारायण साईवाल, विक्रम यादव, रमेश सैनी व सीताराम चौधरी सहित कई पार्षदों ने अपनी बात रखी।

### ज्ञापन सौंप अतिक्रमण हटवाने की मांग

**बसवा, (निसं)।** उपखण्ड क्षेत्र में रास्ते एवं सरकारी सम्पत्ति नाला, बांध पर अतिक्रमण हटाने को लेकर महिला-पुरुषों ने उपखंड अधिकारी के नाम नायब तहसीलदार राजू देवी बुनकर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपकर दर्जनों ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। सैनी समाज के पूर्व सचिव दीपचंद सैनी ने बताया कि ग्राम पंचायत बसवा डूंगरिया का बास पिरानी की ढाणी में विश्राम मीणा सरपंच जावली का बाढ ने अपने पैसे का रुतबा दिखाते हुए ढाणी के मेन रास्ते पर अवैध कब्जा करके रास्ता बंद कर दिया। इस ढाणी में लगभग डेढ सौ के आसपास आबादी है और यह रास्ता करीब 120 वर्ष पुराना है। सरपंच ने सरकार द्वारा बनाये गए नाले के ऊपर बांध को भी तोड कब्जा कर लिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रास्ता बंध होने के कारण यहां के मजदूर करीब 10 दिन से अपने काम पर नहीं जा पा रहे है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच अपने पद का दुरूपयोग करते हुए 500 हरे पेडों को कटवा रहा है। प्रशासन ने अभी तक इन पर कोई कार्यवाही नहीं की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन देकर चेतावनी दी है कि यदि रास्ता नहीं खोला गया तो मजबूरन तहसील परिसर पर धरने पर बैठना पडेगा। इस मौके पर हरिकिशन, महेश चंद्र, रामप्रसाद, रामजीलाल, दिनेश, रामरतन, लालाराम सैनी, लल्लूराम सैनी, मिट्ठू राम सैनी, कमलेश, पप्पू राम, मगली देवी, कमली देवी, उगनती देवी, छोटी देवी, सुनिता देवी, रेखा देवी, चम्पा देवी, संतरा देवी, खेलता देवी सहीत दर्जनों भर ग्रामीण मौजूद रहे।

### 88.40 करोड़ का बजट पारित

**निवाई, (निसं)।** स्थानीय नगरपालिका में शनिवार को वार्षिक बजट को लेकर नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी की अध्यक्षता में एवं विधायक प्रशांत बैरवा की मौजूदगी में साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से वर्ष 2023-24 के लिए 88 करोड 40 लाख 46 हजार रुपए का बजट पारित हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी एवं अधिशाषी अधिकारी महिमा डांगी ने बताया कि उक्त बजट में से शहर में 25 करोड रूपये के विकास कार्य करवाए जाएगें। बैठक में सर्वप्रथम पूर्व पार्षद राजकुमार अग्रवाल व कांग्रेस नेता रामावतार तम्बोली का निधन हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धाजंली दी गई। इसके बाद टेगोर नगर के भूखण्डों की नीलामी पर विचार किया गया। बैठक में कर्मचारियों की पदोन्नती के प्रस्ताव को आगामी बैठक में चर्चा करने का निर्णय लिया गया। पार्षद शंकर सैनी ने शिवाजी कालोनी में एक पेयजल टंकी का निर्माण करवाने जाने की बात कही। बैठक में नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र चंवरिया, कांग्रेस शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, ब्लॉक अध्यक्ष शंकरलाल चैधरी, पूर्व शहर अध्यक्ष महावीरप्रसाद पराना, प्रदीप पारीक, पार्षद ओमप्रकाश गुप्ता, प्रतिपक्ष नेता डोली चैधरी, राजकुमार करनानी, दयाराम चौधरी, नितिन छाबडा, रामविलास बलाई, रानी तंबोली, परशुराम कुमावत, सुनीता जायसवाल मौला सेन, शंकरलाल सैनी, बाबूलाल सैनी, अनिल तंबोली एवं लालचंद सैनी सहित कई पार्षद एवं अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### डोडा चूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**टोंक, (निसं)।** जिले के टोडारायसिंह थाना क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 57 किलो 515 किलोग्राम परिवहन करते हुए व 1 लाख 62 हजार रूपये के साथ एक आरोपी को टोडारायसिंह पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गम्भीरता को मध्यनजर रखते हुए पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के आदेशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक मालपुरा राकेश कुमार निर्देशन में, वृत्ताधिकारी मालपुरा सुशील मान के निर्देशानुसार व टोडारायसिंह थानाधिकारी ओमप्रकाश के नेतृत्व में हैड कांनि. शिवचरण, लेखराज, कांनि. हरिराम एवं हरिनारायण द्वारा मुखबीर इतला प्राप्त होने पर सूचना पर पूर्व में हैड कानि. शिवचरण मय जाप्ता के नाकाबन्दी के दौरान एक कार को डिटेन करने पर मन आईसी थाना उनि ओमप्रकाश मौके पर पहुंचकर आरोपी रामकिशन धाकड पुत्र माधुलाल धाकड (28) वर्ष निवासी पीथाजी का खेडा थाना मांडलगढ जिला भीलवाडा के द्वारा प्रयुक्त कार की डिक्की में 3 प्लास्टिक के कट्टों में डोडा चुरा कुल वजन 57.515 किलोग्राम व कार के डेस्टोप में कुल 1 लाख 62 हजार रुपये बरामद किये गए। प्रकरण एनडीपीएस एक्ट में दर्ज कर मौके से साथी आरोपी सत्तु उर्फ सत्यनारायण धाकड निवासी बदनपुरा थाना काछोला जिला भीलवाडा फरार होने में सफल हो गया। जिसकी तलाश व प्रकरण में अनुसंधान जारी है।

### स्मैक बेचते एक आरोपी गिरफ्तार

**चौमूं, (निसं)।** थाना पुलिस ने 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत शनिवार को कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से स्मैक बेचने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने 2.10 ग्राम स्मैक बरामद की है। थानाधिकारी विक्रांत शर्मा ने बताया कि मुखबीर के जरिए स्पेशल कॉन्स्टेबल नरेंद्र कुमार को सूचना मिली कि एक व्यक्ति अवैध रूप से स्मैक बेच रहा है। पुलिस ने टीम गठित करके आरोपी को पकडने के लिए पुलिसकर्मियों को मौके पर भेजा जहां पर देर रात को जैतपुरा इलाके से एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया हैं। आरोपी दिनेश कुमार कुम्हार (24) पुत्र कजोडमल कुम्हार निवासी जैतपुरा को गिरफ्तार किया गया है। पकडे गए आरोपी से पुलिस पूछताछ कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी ने स्मैक की 75 पुडिया बना रखी थी और आरोपी यह एक पुडिया 300 से 500 रूपये के हिसाब से बेच रहा था। पुलिस ने आरोपी को स्मैक की पुडिया बेचते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। इस पूरी कार्रवाई में स्पेशल टीम के प्रभारी राकेश कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र कुमार व अनूप कुमार की भी का भी अहम योगदान रहा हैं।

### अरुण सिंह का स्वागत

**किशनगढबास, (निसं)।** दिल्ली से अलवर यात्रा पर पहुंचे राजस्थान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह का किशनगढबास के बाईपास पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान पूर्व मंत्री हेमसिंह भडाना पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल देवी सिंह भाटी पूर्व जिला अध्यक्ष संजय नरूका सहित अनेक नेता उपस्थित रहे। मंडल के महामंत्री मनोज मित्तल प्रदीप सगवैया ने बताया कि शनिवार को दिल्ली से अलवर जा रहे राजस्थान प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह का किशनगढबास में बाईपास पर भाजपा कार्यकर्ता दीपचंद यादव के कार्यालय पर स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कार्यकर्ताओं की कुशल क्षेम पूछी और दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे उद्घाटन कार्यक्रम में दोसा पहुंचने का निमंत्रण दिया और अधिक से अधिक लोगों को लेकर पहुंचने का कार्यकर्ताओं से आग्रह किया। स्वागत के दौरान खैरथल कोटकासिम सहित आसपास के करीब दो दर्जन गांव से कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

### विशाल जुलूस के साथ ध्वज रोपण

**चौरु/उनियारा, (निसं)।** नगरफोर्ट कस्बे के लघु पुष्कर मांडकला सरोवर के तट पर स्थित माली समाज के श्री कल्याण भगवान मंदिर परिसर में 22 अप्रैल (अक्षय तृतीया) को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की बैठक कर शनिवार को विशाल जुलूस के साथ ध्वज रोपण किया गया। सामूहिक विवाह सम्मेलन के कार्यकारी अध्यक्ष किशन लाल सैनी नगरफोर्ट ने बताया कि शनिवार सुबह देवनारायण भगवान मंदिर परिसर (रामसागर) में ध्वज की बोली लगाई गई।